अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, मंगलवार, 20 जनवरी 2026

सुविचार



दूसरों के अंदर दोष निकालने से अच्छा है कि आप अपने विरोधियों की अच्छी कही हुई बात की सराहना करें।

– श्यामा प्रसाद मुखर्जी

लखनऊ के प्रमुख समाचार

- व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ मुनाफे का लालच दे ठगे 22.60 लाख II
- स्वर साधिका को अनूप जलोटा ने भजन से किया नमन III
- चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड शुरू करेगा लविवि IV

शहर में आज

- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स के तत्वावधान में फाइनेंसियल एजुकेशन फॉर यंग सिटीजन्स विषय पर व्याख्यान- 10:00 बजे।
- गोसाईगंज विकास खंड के पंचायत सहायकों का अहिमामऊ स्थित बालाजी होटल में प्रशिक्षण- 11:00 बजे से।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन में डीपीआरओ की अध्यक्षता में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा बैठक-12:00 बजे से।
- हाता राम दास सदर कैण्ट में शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से सात दिवसीय भागवत कथा-3:00 बजे से।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में देवसु थियेटर आर्ट्स सोसाइटी की ओर से नाटक खुदा खैर करे का मंचन- 6:30 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

नाइट स्वीपिंग बंद होने से बाजारों में गंदगी, पार्षदों को घेर रहे व्यापारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : व्यापारियों की मांग पर तत्कालीन महापौर संयुक्ता भाटिया के कार्यकाल में शुरू कराई गई बाजारों में रात में सफाई की व्यवस्था (नाइट स्वीपिंग) बंद हो गई है। अब इसकी जिम्मेदारी लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) को दे दी है। कंपनी सुबह वाली ड्यूटी से सफाईकर्मियों की कटौती कर शाम को जुगाड़ से काम चला रही है। ज्यादातर बाजारों में नाइट स्वीपिंग कागजों पर चल रही है। इससे चौक, अहियागंज अमीनाबाद, पांडेगंज, मौलवीगंज सहित प्रमुख बाजारों में जगह-जगह गंदगी फैली रहती है। गंदगी से परेशान व्यापारी क्षेत्रीय पार्षद को घेर रहे हैं।

बाजारों सुबह दुकानें खुलने के बाद सफाई शुरू होती है। दुकानें खुलने के बाद संकरी गलियों में कूड़ा गाड़ियां नहीं जा पाती हैं। इससे दोपहर तक गंदगी के ढ़ेर लगे रहते हैं। गंदगी के बीच ग्राहक बाजार आने से कतराते हैं, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में नगर निगम के पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान का कहना है कि बाजारों और मुख्य मार्गों की सफाई का काम लखनऊ स्वच्छता अभियान एलएसए कंपनी को दिया गया है। कंपनी ही शाम को बाजारों में भी सफाई करेगी। इसके लिए अलग से कंपनी को कर्मचारी आवंटित नहीं किए गए हैं।

बाजारों में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं

- लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा का कहना है कि नगर निगम व्यापारियों से हाउस टैक्स, वाटर और सीवर टैक्स तो ले रहा है लेकिन सुविधाएं नहीं दे रहा है। सफाई और कूड़ा उठान के लिए यूजर चार्ज अलग से ले रहा है। बाजारों में नगर निगम ने नाइट स्वीपिंग भी बंद कर दी है। सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है।

कार्यकारिणी में लगातार उठाता हूं समस्या

- चौक काली जी वार्ड के पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू ने कहा कि नाइट स्वीपिंग बंद होने से चौक, अहियागंज आदि बाजारों में सुबह दुकानें खुल जाने के बाद सफाई शुरू होती है। संकरी गलियों में गाड़ियां नहीं जा पाती हैं, जिससे कूड़ा नहीं उठ पाता है। कार्यकारिणी बैठक में बाजारों में दोबारा नाइट स्वीपिंग व्यवस्था शुरू करने की मैंने लगातार मांग की है।

पार्क से ओपन जिम हटाने के लिए धरने पर बैठे पार्षद

नगर निगम मुख्यालय के बाहर धरना देते पार्षद सुरेंद्र वाल्मीकि, साथ में पार्षद मुकेश सिंह चौहान।

- **अमृत विचार, लखनऊ :** पार्क से ओपन जिम हटाने की मांग पर लालबहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड से समाजवादी पार्टी के पार्षद सुरेन्द्र कुमार वाल्मीकि ने सोमवार को नगर निगम मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। उनके समर्थन में कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान भी धरने पर बैठ गए। पार्षद सुरेंद्र ने बताया कि वार्ड के लवकुश नगर में बद्री प्रसाद वाल्मीकानन्द स्थल पर क्षेत्रीय निवासी धार्मिक और सामाजिक आयोजन करते हैं। इसके अलावा सार्वजनिक स्थल पर बच्चे खेलते हैं। नगर निगम प्रशासन को गुमराह करके यहां बीचो-बीच पेड़-पौधे और कंटीले तार लगाकर ओपन जिम लगवाया जा रहा है। जिससे स्थानीय निवासी परेशान हैं। जबकि 200 मीटर की दूरी पर ही पहले से ओपन जिम स्थापित है। उन्होंने उक्त स्थल पर ओपन जिम स्थानांतरित कर सामुदायिक केंद्र का निर्माण करने की मांग की। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने आश्वासन दिया कि उक्त स्थल पर सामुदायिक केंद्र का निर्माण कराया जाएगा। जिसके बाद उन्होंने धरना समाप्त किया।

जल्द मिलेगा खेल मैदान, निर्माण शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण का जानकीपुरम् सेक्टर-जे में बदहाल पड़ा खेल मैदान जल्द विकसित होगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर पार्क बनाने का कार्य शुरू हो गया है। अवस्थापना निधि से डेढ़ करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

एलडीए का जानकीपुरम् सेक्टर-जे अंतर्गत कुर्सी रोड स्थित सेंट मैरी अस्पताल के पीछे वर्षों से खेल मैदान प्रस्तावित है। पूर्व में आधी-अधूरी बाउंड्रीवाल की गई थी। लेकिन, कार्य नहीं कराए गए। खेल मैदान तो नहीं बन पाया लेकिन, लोगों ने जगह कब्जा करके अस्थाई निर्माण कर लिया। ग्रेटर जनकल्याण महासमिति ने पार्क विकसित करने के लिए कई बार ज्ञापन दिया। लेकिन अफसरों ने ध्यान नहीं दिया। पिछले माह महासचिव विवेक शर्मा ने उपाध्यक्ष को पार्क से अवगत कराया।

सिटी ब्रीफ

संदीप साहू बनाए गए प्रदेश अध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा के अनुषांगिक संगठन भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ की साधारण सभा में राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप साहू को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। राष्ट्रीय महामंत्री सुखविंदर कौर के प्रस्ताव प्रस्तुत पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। संदीप ने कहा कि, राज्य एवं केंद्र सरकार के संबंधित विभागों, मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित कर मजदूर, कामगार, श्रमिक एवं कर्मचारी वर्ग के लिए ठोस, व्यवहारिक एवं हितकारी कार्य सुनिश्चित करेंगे।

हलवासिया बने पूर्वी उप्र के अध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को धुलिया (महाराष्ट्र) में हुई। इसमें संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल ने उत्तर प्रदेश में संगठन को गति एवं विस्तार देने के उद्देश्य से लखनऊ के प्रसिद्ध समाजसेवी सुधीर एस हलवासिया को पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। हलवासिया ने कहा कि जिम्मेदारी को परिश्रम के साथ निभाऊंगा।



पॉलीथिन और गंदगी पर वसूला जुर्माना

अमृत विचार, लखनऊ : प्रतिबंधित पॉलीथिन और गंदगी के खिलाफ नगर निगम जोन-7 की टीम ने सोमवार को अभियान चलाकर 13,000 रुपये जुर्माना वसूला। जोनल सेनेटरी अधिकारी अजीत कुमार राय के नेतृत्व में पिकनिक स्पॉट रोड, खुर्रमनगर, पावर हाउस चौराहा, लेखराज पन्ना मार्केट सहित आस-पास के क्षेत्रों में दुकानों और प्रतिष्ठानों की जांच की। नीलकंठ मिल्क बार एवं मिठाई शॉप, चंदेला दूध डेरी, राकेश जनरल स्टोर, गप्पू जनरल स्टोर सहित अन्य प्रतिष्ठानों से 2.5 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त करके 8,000 रुपये जुर्माना वसूला। गंदगी फैलाने पर 5,000 रुपये का चालान काटा। अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक बृजेश प्रजापति तथा प्रवर्तन विभाग की 296 टीम उपस्थित रही।

काकोरी में छह प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को काकोरी क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान लगभग 60 बीघा में की जा रही छह प्लाटिंग को ध्वस्त ध्वस्त कर दी। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि काकोरी के ग्राम-बेहटा में अभियान चलाया गया। इस दौरान श्रीलाल गौतम, मंसूर, पुतान सिंह, रिजवान, विनोद सिंह, रवि यादव व अन्य द्वारा लगभग 60 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही छह अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

शाम 6 से 8 नहीं कटेगी स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की बिजली

बैलेंस खत्म होने पर उपभोक्ताओं को दिया जाएगा तीन दिन का समय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

09 बजे सुबह से दोपहर 12 बजे तक ही काट सकेंगे बिजली

1.50 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर धारकों को मिलेगी राहत

अमृत विचार : राजधानी में स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है, अब 6 से रात 8 बजे के बीच और छुट्टी के दिन तय समयावधि के बाहर ऑटोमैटिक बिजली नहीं कटेगी। पावर कॉर्पोरेशन ने इस पर सख्ती से अंकुश लगा दिया है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को तीन दिन का इमरजेंसी क्रेडिट दिया जाएगा। यानी बैलेंस खत्म होने के बाद भी तीन दिन तक बिजली सप्लाई जारी रहेगी।

वहीं यदि इन तीन दिनों के बाद द्वितीय शनिवार, रविवार या कोई राष्ट्रीय अवकाश पड़ता है, तो भी बिजली नहीं काटी जाएगी, लेकिन अवकाश के बाद पहले कार्य दिवस में रिचार्ज न करने पर बिजली कनेक्शन को काटने की कार्रवाई की जा सकेगी। एसओपी में स्पष्ट किया गया है कि, जिन स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं का बैलेंस खत्म हो चुका है और वह रिचार्ज नहीं कर रहे हैं तो भी उनकी बिजली केवल सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक ही काटी जा सकेगी। जिससे कि उपभोक्ताओं को रिचार्ज कराने और एजेंसियों को कनेक्शन दोबारा जोड़ने में आसानी होगी। पावर कॉर्पोरेशन के वाणिज्य निदेशक प्रशांत वर्मा ने 16 जनवरी को इस संबंध में स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर जारी कर दिया है। मध्यांचल समेत सभी विद्युत वितरण निगमों के लिए जारी इस आदेश से लखनऊ के डेढ़ लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। नए आदेश के तहत शाम 6 से रात 8 बजे के बीच, रविवार और प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को किसी भी स्थिति में बिजली काटने पर पाबंदी लगा दी गई है।

प्रबंध निदेशक जारी करेंगे अवकाश की सूची

- प्रत्येक बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं की मॉनीटरिंग करने वाली एजेंसियों पर नियंत्रण के लिए अवकाश की सूची जारी करेंगे। इसके साथ ही एजेंसियों के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ बैठक कर एसओपी का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। नियमों के उल्लंघन पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

ऐसे होगा बकाया का समायोजन

- यदि किसी उपभोक्ता का मीटर प्रीपेड होने से पहले 5 हजार रुपये का बिजली बिल बकाया है और वह 1000 रुपये का रिचार्ज कराता है, तो उसमें से 500 रुपये पुराने बकाया में समायोजित हो जाएंगे। शेष 500 रुपये ही उपभोक्ता के मीटर में बैलेंस के रूप में मौजूद रहेंगे। यह प्रक्रिया तब तक चलती रहेगी, जब तक पुराने बकाया के पूरी तरह समायोजन नहीं हो जाता। पावर कॉर्पोरेशन की इस नई एसओपी से स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को न केवल बिजली कटौती से राहत मिलेगी, बल्कि व्यवस्था में पारदर्शिता और उपभोक्ता हितों की भी बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

- **अमृत विचार, लखनऊ :** सीतापुर रोड स्थित अहिबरनपुर उपकेंद्र में मंगलवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली गुल रहेगी। इससे त्रिवेणीनगर, योगी नगर, तुलसीपुरम, हनुमंत नगर, न्यू मधेगंज, पतौरागंज सहित कई इलाके प्रभावित होंगे। गोमतीनगर के विराजखंड में भी सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। ग्वारी उपकेंद्र के विकासखंड-तीन, चार, पांच और विरामखंड-तीन व चार में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली नहीं रहेगी। मलिहाबाद उपकेंद्र के अंतर्गत सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

शहर में अयोध्या रोड पर लगे भीषण जाम में फंसे दोपहिया और चार पहिया वाहन सवार। अमृत विचार

जाम में एंबुलेंस, मुश्किल में पड़ी मरीज की जान

डायवर्जन के कारण प्रमुख मार्गों में प्रभावित हुआ यातायात, स्कूली बच्चे बिलबिलाए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रूट डायवर्जन के कारण सोमवार को शहर के कई प्रमुख मार्गों पर भीषण जाम लगा रहा। सिटी स्टेशन रोड पर एंबुलेंस जाम में फंसने से मरीज की जिंदकी मुश्किल में पड़ गई। गलियों तक में वाहन फंसे होने से स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर करीब 1 बजे से बलरामपुर अस्पताल के सामने की सड़क, सीएमओ कार्यालय चौराहा और कचहरी रोड पर जाम लग गया। डफरिन अस्पताल से रिवर बैंक कॉलोनी जाने वाले मार्ग और क्रिश्चन कॉलेज रोड पर भी आवागमन ठप हो गया। जल्दी निकलने के प्रयास में वाहन चालक जहां-तहां मुड़ गए, जिससे कॉलोनियों गलियां तक जाम हो गईं। सिटी स्टेशन रोड पर दोपहर करीब 2:30 बजे लगे भीषण जाम में दो एम्बुलेंस फंस गईं। एक एंबुलेंस जा रहे मरीज की हालत बहुत ही नाजुक थी, जाम खुलता न देख चालक एंबुलेंस से उतरा और माइक व लाउडस्पीकर से गुहार लगाई कि, मरीज की हालत गंभीर है, कृपया एंबुलेंस को रास्ता दीजिए, इसके बावजूद एंबुलेंस काफी देर तक जाम में फंसी रही।

सिटी स्टेशन रोड पर लगे जाम में फंसी एंबुलेंस। अमृत विचार

इन इलाकों में जाम से जूझे लोग

- पुराना लखनऊ हो या फिर मध्य क्षेत्र और कमता के इलाके, यहां दिनभर यातायात जाम में फंसे नजर आए। डफरिन अस्पताल, रिवर बैंक कालोनी, कचेहरी रोड, सीएमओ चौराहा, सिटी स्टेशन, सुभाष मार्ग, कमता, अयोध्या मार्ग, हनुमान सेतु, डालीगंज, चौक, टीले वाली मस्जिद, लालबाग, कैसरबाग चौराहा, कैसरबाग बारादरी, डीएम कार्यालय चौराहे पर लोग घंटों जाम में फंसे रहे।

शोध लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विभाग में सामने आया चिंताजनक निष्कर्ष

खेतों में आर्सेनिक, किसान उगा रहे जहरीली सब्जियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पालक जैसी हरी सब्जियां आर्सेनिक को ज्यादा सोखती हैं
- सिल्वर क्वांटम डॉट्स तकनीक से बचाव संभव

अमृत विचार: लाखों किसान ऐसी भूमि पर खेती कर रहे हैं, जिसकी मिट्टी और पानी में आर्सेनिक जैसा ज़हर घुल है। ऐसे खेतों में उगाई सब्जियां और अन्य कृषि उपज लोगों को कैंसर और हृदय रोगी बना रही हैं। दरअसल मिट्टी और सिंचाई के पानी के जरिये जहरीला आर्सेनिक तत्व फसलों के जरिये हमारे खाने में शामिल हो रहा है। पालक जैसी हरी सब्जियां आर्सेनिक को तेजी से अपने सोख लेती हैं, इनका लंबे समय तक सेवन करने पर कैंसर, नसों और दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा अधिक बढ़ जाता है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में प्रो. मोहम्मद इसराईल अंसारी के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने एक नई और पर्यावरण के अनुकूल तकनीक विकसित की है।

उन्होंने पौधों से बनाए गए सिल्वर क्वांटम डॉट्स नामक बेहद सूक्ष्म कणों का उपयोग करके पालक को आर्सेनिक से सुरक्षित रखने का तरीका खोजा है। उनका शोध नीदरलैंड की प्रतिष्ठित पत्रिका 'प्लांट स्ट्रेस' (एल्सेवियर) में प्रकाशित हुआ है। प्रो. अंसारी के अनुसार आर्सेनिक प्रदूषण खाद्य सुरक्षा को नुकसान पहुंचा रहा है। उनकी टीम द्वारा विकसित क्वांटम डॉट्स पौधों के भीतर एक सुरक्षा कवच की तरह काम करते हैं और आर्सेनिक को खाने योग्य पत्तियों तक पहुंचने से रोकते हैं। यह तकनीक न केवल सुरक्षित है बल्कि पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल भी है। शोध के द्वारा इन क्वांटम डॉट्स को पालक की पत्तियों से ही एक हरित प्रक्रिया के जरिए तैयार किया गया। जब इन कणों को आर्सेनिक से दूषित मिट्टी में डाला गया, तो उन्होंने पौधों की कोशिकाओं के भीतर जाकर काम किया और जड़ों से पत्तियों तक आर्सेनिक ज़हर के पहुंचने की मात्रा को काफी हद तक कम कर दिया। इससे पालक ज्यादा स्वस्थ रही। साथ ही ये सूक्ष्म कण पौधों की अपनी रक्षा प्रणाली को भी मजबूत करते हैं, जिससे वे प्रदूषित माहौल में भी बेहतर तरीके से बढ़ पाते हैं। पत्तियां ज्यादा हरी रहती हैं, पौधे की पैदावार अच्छी होती है और पानी का संतुलन भी बना रहता है।

उप्र समेत पांच राज्यों में बढ़ी आर्सेनिक की मात्रा

- मिट्टी और जल में आर्सेनिक की बढ़ती मात्रा मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए जहर का कार्य करता है। देश विभिन्न राज्यों में कृषि भूमि पर इसकी मात्रा चिंताजनक रूप से बढ़ रही है। जिसमें पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, असम और पंजाब जैसे राज्यों में यह समस्या ज्यादा गंभीर हो चुकी है।

नई तकनीक स्वस्थ सब्जियां उगाने में मददगार

- प्रो. मोहम्मद इसराईल ने बताया कि नई तकनीक आर्सेनिक से प्रभावित इलाकों में खेती के लिए नई उम्मीद बन सकती है। यह किसानों को सुरक्षित और स्वस्थ सब्जियां उगाने में मदद कर सकती है और लोगों को जहरीले भोजन से बचा सकती है। छोटे से दिखने वाले ये क्वांटम डॉट्स कण भविष्य में बड़ी समस्या का समाधान बन सकते हैं

फार्मर रजिस्ट्री जरूरी पर कराना मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आधार, खतौनी व आदेश में दर्ज नामों में काफी अंतर

अमृत विचार : किसानों के लिए कृषि योग्य भूमि की फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। बिना फार्मर रजिस्ट्री के आगे योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। तेजी से अभियान चल रहा है, लेकिन आधार, खतौनी और आदेश में दर्ज अलग-अलग नामों के कारण मिसमैच होने की समस्या बनी हुई है। भूमि संबंधित जो वाद लंबित हैं या फिर चकबंदी की प्रक्रिया में हैं उन किसानों की भी फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है।

जिले में 2.45 लाख किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने का कृषि विभाग को लक्ष्य मिला है। करीब एक वर्ष से चल रही प्रक्रिया में 1.36 लाख (67 फीसद) किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो पाई है। आधार, खतौनी और आदेश में दर्ज किसानों के नामों में काफी अंतर होने के कारण नाम मिसमैच होने की वजह से पोर्टल नहीं लेता है। प्रक्रिया के दौरान साफ्टवेयर में मैच स्कोर 15 फीसद से कम है। जो किसान इच्छुक हैं और कराना चाहते हैं तो वह इन्हीं खामियों में फंसे हैं। कहा यह भी जा रहा कि बिना फार्मर रजिस्ट्री के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि समेत किसी भी योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं मिलेगा। जल्द आदेश जारी होने वाला है। उपनिदेशक विनय कुमार कौशल ने बताया कि किसान कृषि विभाग के कर्मचारी, पंचायत सहायक, ग्राम रोजगार सेवक को दस्तावेज देकर रजिस्ट्री जरूर कराएं। या फिर जनसेवा केंद्र पर जाए। जिनके नामों में अंतर हैं वह सुधार करा लें। फार्मर रजिस्ट्री से केसीसी या योजनाओं के लिए जमीन के अलग दस्तावेज नहीं देने पड़ेंगे।

गृहकर बकाये पर सील पशु चिकित्सालय की सेवाएं ठप

- **अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने 14 जनवरी को गृहकर बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया था। इस दौरान टीम ने आलमबाग स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय का गृहकर 24 लाख रुपये बकाया होने पर सील कर दिया था। चिकित्सालय किराये के भवन में 25 वर्ष से संचालित है। बकाया गृहकर भवन स्वामी द्वारा ही जमा किया जाना है। पशुपालन विभाग ने बकाया गृहकर जमा करने के प्रयास किए तो भवन स्वामी का कोई पता नहीं चला। ऐसे में नगर निगम को 24 लाख की अदायगी होना मुश्किल है। इधर, चिकित्सालय सील होने से विभागीय कार्य और पशुओं का उपचार बंद हो गया है। पशुपालक बीमार व घायल पशुओं को इधर-उधर लेकर दौड़भाग कर रहे हैं। सीवीओ डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए पत्राचार किया है।

सिटी ब्रीफ

बर्तन विक्रेता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अमृत विचार, मलिहाबाद : रहीमाबाद के दिलावनगर मजरा परसादी खेड़ा में सोमवार सुबह 9 बजे फेरी लगाकर बर्तन बेचने वाले लालू (35) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। लालू के साले वारिस ने आशंका जताई है कि फेरी लगाते समय चक्कर खाकर गिरने के कारण उनकी मौत हुई। इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि दिलावनगर निवासी जुबैर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति का शव गांव में पड़ा है। पुलिस ने मौके पर मृतक के मोबाइल से उसकी पहचान की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

विचाराधीन कैदी की इलाज के दौरान मौत

अमृत विचार, गोसाईंगंज : जिला कारागार लखनऊ में निरुद्ध विचाराधीन कैदी उंतेस साहू (35) की इलाज के दौरान रविवार की देर रात मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के मुताबिक 29 दिसंबर को ठाकुरगंज के नेवाजगंज के रहने वाले उंतेस साहू को ठाकुरगंज पुलिस ने एनडीपीएस में जेल भेजा था। वह स्मैक जैसे नशे का आदि था। बीते शुक्रवार को जेल में तबियत खराब होने के कारण उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिनकी रविवार की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

किशोरी से दुष्कर्म करने वाला गिरफ़्तार

अमृत विचार, गोसाईंगंज : इंस्पेक्टर गोसाईंगंज दिलेश कुमार सिंह के मुताबिक क्षेत्र की रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 01 जनवरी 2026 को उसकी 17वर्षीया नाबालिग पुत्री घर से सब्जी खरीदने गयी हुई थी। वह घर वापस नहीं आयी। पीडिता ने अपनी नाबालिग पुत्री को किसी युवक के द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने जांच शुरू की तो सामने आया कि पीड़िता की पुत्री को बाराबंकी लोनी कटरा स्थित भवनियपुर निवासी जय सिंह रावत ने बहलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने उसे बाराबंकी से बरामद किया। किशोरी के बयान में दुष्कर्म की बात सामने आई। पुलिस ने धारा बढ़ाकर फरार आरोपी की तलाश में जुटी थी। रविवार देर रात को गिरफ्तार कर लिया गया।

बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट के न्यू नंदी विहार सतरिक निवासी संतोष जायसवाल के घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के सामान साफ कर दिये। पीड़ित ने पड़ोसी के खिलाफ चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। संतोष ने पुलिस को बताया कि दो जनवरी को वह परिवार के साथ रिश्तेदारी में गया था। लौटकर आया तो घर के मेन गेट का ताला टूटा था। कमरे में सभी सामान बिखरा पड़ा था। चोर अलमारी का लॉकर तोड़कर 50 हजार नगदी समेत तीन लाख के गहने चुरा ले गए है। पार कर ले गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसे एक शख्स पर संदेह है। घटना के बाद से वह गायब है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

साइबर जालसाजों ने दो से ठगे 1.07 लाख

अमृत विचार, पीजीआई : साइबर जालसाजों ने अलग-अलग तरीकों से दो लोगों को निशाना बनाकर 1.07 लाख रुपये ठग लिए। पीजीआई क्षेत्र में रहने वाले डॉ. मनोज कुमार सिंह की बेटी विदुषी सिंह को घर बैठे कमाने का झांसा देकर आरोपियों ने एप सब्सक्रिप्शन के नाम पर अलग-अलग यूपीआई आईडी से 77 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। इस मामले में पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं आशियाना के रुचि खंड निवासी मथुरा राय से पतंजलि योगपीठ में पंचकर्म कराने के नाम पर 29,950 रुपये ठग लिए गए। व्हाट्सएप पर आए संदेश के बाद पीड़ित ने बताए गए खाते में रकम जमा की। बाद में पतंजलि मुख्यालय से जानकारी लेने पर ठगी का पता चला। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

जुआरियों ने वकील पर किया हमला, रिपोर्ट

अमृत विचार, काकोरी : मदेयगंज निवासी अधिवक्ता मो. सुहेल खान ने बताया कि रविवार रात करीब 12:20 बजे वह अपने साथी अधिवक्ता सैफी मिर्जा के साथ वरिष्ठ साथी आलोक त्रिपाठी से मिलकर घर लौट रहे थे। जलालपुर पुलिस चौकी के पास आशीष उर्फ बावा, अवनीश उर्फ चुई और विकसित कुमार अपने 15-20 साथियों के साथ जुआ खेल रहे थे। जुआरियों को लगा कि वकील उनके खेल में बाधा डालने आए हैं और उन्होंने लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया।

बैंक मित्र ने मोबाइल तोड़ साक्ष्य मिटाए रिकवरी के लिए फोरेंसिक लैब भेजा

बैंक मित्र व सहयोगी को सोमवार को भेजा जेल, चार मैनेजरों से पूछताछ की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पारा थाने का मामला, बैंक ने नहीं दिया कर्मचारियों का पूरा डाटा

अमृत विचार: शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय परिसर स्थित बैंक आफ बड़ौदा के कर्मचारियों के साथ मिलकर करोड़ों की हेराफेरी की गई। इस मामले में बैंक मित्र शिवा राव ने साक्ष्य मिटाने के लिए अपना मोबाइल तोड़ दिया। पारा पुलिस ने मोबाइल जब्त कर फोरेंसिक लैब जांच के लिए भेजा है। साथ ही वर्ष 2020 से अब तक के चार बैंक मैनेजरों से पूछताछ की तैयारी कर रही है। उनको नोटिस भेजा गया है। पुलिस ने रविवार को बैंक मित्र व उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया था। दोनों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि शिवा और दिलीप के पास से 2,38,000 रुपये, फर्जी प्रपत्र और बैंक के कार्यों से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए हैं। शिवा के पास जो मोबाइल मिला है। वह टूट चुका है और ऑन नहीं हो रहा है। पूछताछ में बताया कि साक्ष्य मिटाने के लिए मोबाइल तोड़ा था। पुलिस ने मोबाइल को कब्जे में लेकर डाटा रिकवरी के लिए फोरेंसिक लैब भेजा है। दिलीप के मोबाइल से रकम को दूसरों के खाते में ट्रांसफर किए जाने के साक्ष्य मिले हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि वर्ष 2020 से बैंक में अब तक चार बैंक मैनेजर तैनात रहे उनसे पूछताछ की जाएगी। बैंक ने अभी तक कर्मचारियों का पूरा डाटा उपलब्ध नहीं किया है। मंगलवार तक का समय है। अगर डाटा नहीं मिला तो दोबारा नोटिस जारी की जाएगी। पता लगाया जा रहा है कि रकम ठगने के बाद किन-किन खातों में स्थानांतरित की गई है। ताकि गिरोह में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी की जा सके। अब तक की जांच में करोड़ों रुपये की ठगी की पुष्टि हो चुकी है।

सिक्योरिटी गार्ड दिलीप ने शिवा से दोस्ती के बाद शुरू किया फर्जीवाड़ा

- पुलिस के मुताबिक राजाजीपुरम सरीपुरा निवासी शिवा राव शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय परिसर में स्थित बैंक आफ बड़ौदा में दस वर्षों से बैंक मित्र था। वहीं, माल के थावर हालपता दुबग्गा के सैंथा रोड दौलतखेड़ा निवासी दिलीप कुमार 2018 में बैंक परिसर में बने एटीएम बूथ का सिक्योरिटी गार्ड था। जिसे 2019 में हटा दिया गया था। तभी से दिलीप बैंक में चाय पिलाने और बैंक खोलने व बंद करने का काम करने लगा था। शिवा के साथ बैंक के अंदर ही ग्राहकों से लेनदेन और अन्य काम करने लगा था। वर्ष 2020 से शिवा ने दिलीप के साथ मिलकर ग्राहकों से फर्जी एफडी थमाकर ठगी करना शुरू कर दिया था। ग्राहकों को फर्जी कागजात तैयार करने में दिलीप मदद करता था।

कपड़े के कारोबार में ज्यादा मुनाफे का लालच देकर ठगे 80 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कारोबारी ने साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट, पुलिस कर रही जांच
- अमेरिका में रहने वाले बचपन के दोस्त बन जालसाज ने की ठगी

अमृत विचार : बीबीडी ग्रीन सिटी निवासी व्यवसायी संजय कुमार चौधरी को साइबर ठगों ने कपड़े के कारोबार में मोटे मुनाफे का लालच देकर 80 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना लिया। आरोप है कि अमेरिका में रहने वाले उनके बचपन के दोस्त के नाम पर यह ठगी की गई। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बीबीडी ग्रीन सिटी निवासी संजय कुमार चौधरी संजय इलेक्ट्रॉनिक्स नाम से शोरूम चलाते हैं। संजय के मुताबिक उनके साथ सुनियोजित तरीके से 80,00,000 रुपये की ठगी की गई। उन्होंने बताया कि उनके परिचित पवन कुमार तिवारी, जो वर्तमान में अमेरिका में सेटल बताए जाते हैं, उनके नाम से मोबाइल पर संपर्क किया गया और वस्त्र व्यवसाय में निवेश का झांसा दिया गया। इसके बाद कथित रूप से पवन कुमार ने उन्हें अवन्ती भट्ट से परिचित कराया, जिसने खुद को दिल्ली निवासी फैशन डिज़ाइनर बताया।

संजय के अनुसार, 24 दिसंबर को अवन्ती भट्ट ने उन्हें एक लिंक भेजा, जिसमें 50 हजार रुपये निवेश करने को कहा गया। इसके बाद अलग-अलग लिंक और रिक्विज़िशन के माध्यम से कुल 80,00,000 रुपये उनसे निवेश के नाम पर ले लिए गए। उन्हें बताया गया कि यह रकम बिटकॉइन और क्रिप्टो करेंसी में निवेश की जा रही है और 10 से 15 प्रतिशत ब्याज सहित वापस की जाएगी। संजय ने बताया कि शुरुआत में उन्हें कुछ रिफंड राशि भी मिली, जिससे उनका विश्वास बना रहा।

लेकिन जब उन्होंने अपनी पूरी जमा राशि वापस मांगी, तो अवन्ती भट्ट ने 30 प्रतिशत टैक्स कटौती का बहाना बनाकर विड्रॉल प्रक्रिया की और रकम उनके खाते में नहीं आई। इसके बाद संजय ने 3 जनवरी को साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद साइबर क्राइम सेल ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह दी। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

एमबीए छात्र ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चिनहट के मटियारी इलाके में रविवार रात निजी छात्रावास में हुई घटना

अमृत विचार : चिनहट के मटियारी स्थित एक निजी छात्रावास में रहने वाले एमबीए छात्र आशीष पांडेय (22) ने रविवार रात जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

अंबेडकरनगर जिले के सेहरा जलालपुर निवासी आशीष पांडेय मटियारी के कांतिपुरम स्थित एक निजी छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। आशीष के चाचा भुलेश्वर ने बताया कि उनका भतीजा राम स्वरूप कॉलेज से एमबीए अंतिम वर्ष का छात्र था। रविवार रात करीब 10:15 बजे आशीष ने अपने कमरे में जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसने इसकी जानकारी अपने रूममेट विकास को दी। विकास आनन-फानन आशीष को लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चाचा के अनुसार, विकास ने घटना की सूचना आशीष की मां सुभद्रा और पुलिस को दी। चौकी इंचार्ज मटियारी दीपक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम के साथ छात्रावास पहुंचकर छानबीन की गई, लेकिन वहां से कोई सुसाइड नोट या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र के मुताबिक आशीष की मां ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। यदि वह तहरीर देती हैं तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने बताया कि आशीष की लखनऊ में ही एक निजी कंपनी में नौकरी लग गई थी और उसे चार फरवरी को ज्वाइन करना था। वह तीन बहनों में इकलौता भाई था। उसकी मां सुभद्रा आंगनवाड़ी में नौकरी करती हैं, जबकि पिता नागेश्वर नाथ की वर्ष 2003 में मौत हो चुकी है।

क्राइम सीन मैनेजमेन्ट कोर्स के दूसरे बैच का प्रशिक्षण शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में क्राइम सीन मैनेजमेन्ट कोर्स के दूसरे बैच का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुजीत पाण्डेय, महानिदेशक उपस्थित रहे। यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने मंच पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। इस कोर्स में प्रदेश के विभिन्न कमिश्नरेट एवं जनपदों से आरक्षी से लेकर निरीक्षक रैंक तक के कुल 100 पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। उल्लेखनीय है कि यह प्रशिक्षण कोर्स 45 दिवस तक संचालित किया जाएगा, जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा क्राइम सीन मैनेजमेन्ट की बारीकियों के साथ-साथ साइबर एवं फोरेंसिक विषयों का भी गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

आईपीएस सुजीत पाण्डेय को सम्मानित करते निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी। अमृत विचार

इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने कहा कि फोरेंसिक विशेषज्ञ विवेचना की वह धुरी हैं, जिनकी कार्यशैली और तत्परता न्याय की स्थापना में निर्णायक भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आप घटना स्थल से जैसे सैम्पल एकत्र करते हैं, जिस प्रकार ज्ञान और तकनीकी समझ का प्रयोग करते हैं, वही पूरे प्रकरण की दिशा तय करता है। कार्यक्रम के अंत में महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा ने सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और संस्थान में मुख्य अतिथि के आगमन को प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी ने किया। इस अवसर पर उपनिदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव, अतुल यादव, डॉ. श्रुतिदास गुप्ता, डॉ. वाष्णेय, डॉ. पोरवी सिंह, गिरिजेश राय, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, कार्तिकेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

फंदे से लटककर डिलीवरी ब्वॉय ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ठाकुरगंज के कनक सिटी क्रिकेट ग्राउंड की घटना



अमृत विचार : ठाकुरगंज के कनक सिटी क्रिकेट ग्राउंड के पास सोमवार सुबह पेड़ से फंदे के सहारे लटककर कुलदीप मिश्रा (20) ने जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मृतक एक ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी में डिलीवरी बॉय के रूप में काम करता था। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है और मामले की जांच की जा रही है।

इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे कनक सिटी क्रिकेट ग्राउंड के पास सड़क किनारे एक पेड़ से युवक के लटके होने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की, लेकिन प्रारंभिक तौर पर उसकी पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से मृतक की शिनाख्त के लिए सूचना प्रसारित की। इसी आधार पर सीतापुर जिले के मछरेटा क्षेत्र स्थित बनिया मऊ निवासी विपिन मिश्रा ने मृतक की पहचान अपने चचेरे भाई कुलदीप मिश्रा के रूप में की।

परिजनों के अनुसार कुलदीप मिश्रा ठाकुरगंज के जयराम नगर में अपने जीजा ज्ञानेन्द्र शुक्ला के मकान में रहकर एक ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी में काम करता था। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर के मुताबिक सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गहन जांच की जा रही है।

भूखंड के नाम पर 25.5 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

जमीन के नाम पर वैजन इंफ्रा डेवलपर्स ने की ठगी

अमृत विचार, लखनऊ : वैजन इंफ्रा डेवलपर्स प्रा. लि. कंपनी के निदेशकों पर बेरोजगार युवक को नौकरी का झांसा देकर जमीन के नाम पर ठगी करने का आरोप लगा है। पीड़ित सत्यम सिंह की तहरीर पर गोमतीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से बस्ती आवास विकास कॉलोनी निवासी सत्यम सिंह ने डीसीपी पूर्वी से शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि फरवरी 2023 में अभय शंकर सिंह और अजय चंद्र ने उन्हें वैजन इंफ्रा डेवलपर्स प्रा. लि. कंपनी में 15 हजार रुपये मासिक वेतन पर जमीन बिकवाने का काम कराया गया। आरोप है कि मार्च 2023 से नवंबर 2023 के बीच सत्यम सिंह और उनके सहयोगियों ने जमीन के नाम पर कुल 31.49 लाख रुपये कंपनी को दिए, लेकिन केवल पांच ग्राहकों की ही रजिस्ट्री कराई गई। शेष रजिस्ट्रियों को जनवरी 2024 तक टाल दिया गया। इसी दौरान अजय चंद्र की गिरफ्तारी हो गई। इसके बाद अभय शंकर सिंह ने बैनामा और बाउंड्री कराने के नाम पर तीन लाख रुपये और ले लिए, बावजूद इसके रजिस्ट्री नहीं कराई गई। आरोप है कि दबाव बनाने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई।

अमृत विचार : जानकीपुरम थाने में भूखंड दिलाने के नाम पर दो लोगों से 25.5 लाख रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने एक ही ग्रुप के खिलाफ थाने में तहरीर दी थी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच की जा रही है।

सीतापुर जिले के बम्भेरा निवासी गीता सिंह के मुताबिक उन्होंने मिर्जापुर में 1250 वर्गफुट का भूखंड नागेश्वर नाथ रियल एस्टेट प्रा. लि. की निदेशक बिनाम मिश्रा से खरीदा था। भुगतान विभिन्न चेकों के माध्यम से किया गया, जबकि अतिरिक्त 5.5 लाख रुपये आरोपी विपिन सिंह और उनकी पत्नी पूजा सिंह के संयुक्त बैंक खाते में जमा कराए गए। 30 नवंबर 2023 को उपनिबंधक कार्यालय बख्शी का तालाब में रजिस्ट्री कराई गई। आरोप है कि रजिस्ट्री के कुछ समय बाद जब उन्होंने भूखंड पर कब्जा मांगा तो आरोपी टाल-मटोल करने लगे। जांच करने पर पता चला कि उक्त भूखंड पर पहले से किसी अन्य व्यक्ति का भवन बना हुआ है। शिकायत करने पर आरोपियों ने धमकी दी और न तो दूसरा प्लॉट दिया और न ही पैसे लौटाए। पुलिस से मदद न मिलने पर पीड़िता को कोर्ट की शरण लेनी पड़ी, जिसके आदेश पर रिपोर्ट दर्ज हुई।

इसी तरह सीतापुर जिले की सिधौली तहसील अंतर्गत सहोली गांव निवासी दिलीप सिंह ने मिर्जापुर में 1250 वर्गफुट का हिस्सा नागेश्वर नाथ रियल एस्टेट प्रा. लि. की निदेशक बिनाम मिश्रा से 11 लाख रुपये में खरीदा था। भुगतान के बाद 30 नवंबर 2023 को बख्शी का तालाब स्थित उपनिबंधक कार्यालय में रजिस्ट्री कराई गई। आरोप है कि कब्जा मांगने पर टाल-मटोल की गई। जांच करने पर सामने आया कि जिस भूखंड की रजिस्ट्री कराई गई है, वहां पहले से किसी अन्य व्यक्ति का भवन बना हुआ है और मौके पर प्लॉट की चौहद्दी का कोई अस्तित्व नहीं है।

बिना बयान दर्ज कराए वापस गईं गायिका नेहा राठौर

अमृत विचार, लखनऊ : लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के खिलाफ पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर नेहा सिंह राठौर पर आपत्तिजनक पोस्ट डाली थी। इस मामले में उनके खिलाफ हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज है। पुलिस ने उनको बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भेजा था। कुछ दिन पहले गिरफ्तारी की डर से वह थाने पहुंची थी। पर, बयान नहीं हो सका था। सोमवार को वह पति के साथ दोबारा पहुंची। पर तकनीकी कारण से पुलिस उनका बयान नहीं दर्ज कर सकी। इस कारण उनको बिना बयान दर्ज कराए ही वापस जाना पड़ा। इससे पूर्व वह 3 जनवरी कर रात वह बयान दर्ज कराने के लिए हजरतगंज पुलिस स्टेशन पहुंची थी। पर, उनके बयान किन्हीं कारणों से नहीं हो सके थे। नेहा सोमवार को फिर से बयान दर्ज कराने के लिए हजरतगंज पुलिस स्टेशन पहुंची। पर, हजरतगंज पुलिस ने तकनीकी कारणों से बयान दर्ज करने में असमर्थता जताई।

जुए के विवाद में युवक पर चाकू से हमला, गंभीर रूप से हुआ घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

बेकाबू डीसीएम ने कार को मारी टक्कर, सिपाही घायल

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनी नगर में सोमवार शाम बेकाबू डीसीएम ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार सिपाही घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों गाड़ियों को रास्ते हटाकर यातायात सुचारू कराया। कानपुर निवासी सिपाही निशांत यादवसुल्तानपुर जिले के एक सपा पूर्व विधायक के साथ तैनात हैं। निशांत सोमवार शाम करीब 5 बजे अपनी कार से किसान पथ होते हुए रायबरेली से कानपुर रोड की तरफ जा रहे थे। उन्हें सरोजनी नगर में दरोगा खेड़ा के पास किसान पथ से नीचे उतरकर कानपुर रोड पर जाने के लिए कार मोड़ना था। वह धोखे से वहां उतरने के बजाय कट से करीब 100 मीटर आगे निकल गए। बाद में याद आने पर नीचे उतरने के लिए अपनी कार वापस मोड़ने लगे। इसी बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने सिपाही निशांत की कार में टक्कर मार दी। हादसे में निशांत घायल हो गए और उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना के बाद वहाँ राहगीरों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। बाद में राहगीरों की मदद से निशांत को आनन फानन सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

अमृत विचार : नाका हिंडोला के राजेंद्र नगर इलाके में जुए के विवाद के दौरान एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच की जा रही है।

न्यू तिलक नगर, सरिया मील निवासी आयुष गुप्ता के मुताबिक वह अपने मित्र शुभम राजधर के साथ सुभाष मार्ग, राजेंद्र नगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोग जुए में हार-जीत को लेकर आपस में झगड़ रहे थे। जब दोनों मौके पर पहुंचे तो वहां मौजूद लोगों ने कथित तौर पर शराब के नशे में गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोप है कि विजय कुमार और उसके भाई सुशील कुमार सहित अन्य लोगों ने मारपीट शुरू कर दी।

आरोप के अनुसार, सुशील कुमार ने चाकू से हमला किया, जबकि विजय कुमार ने लोहे की रॉड से प्रहार किया। एक अन्य आरोपी अभिषेक सागर पर भी हमला करने का आरोप लगाया गया है। घटना में आयुष गुप्ता को सिर में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित के मुताबिक वह किसी तरह अपने मित्र की मदद से जान बचाकर वहां से निकल सका। घटना के बाद से वह भयभीत है और आरोपियों से जान-माल की सुरक्षा को लेकर आशंका जता रहा है। इंस्पेक्टर नाका श्रीकांत राय के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

जालसाजी | चोला सिक्योरिटीज प्राइमरी मार्केट में निवेश पर मोटे मुनाफे का दिया था लालच

व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ मुनाफे का लालच दे ठगे 22 .60लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: कैंट के नीलमथा निवासी अजेय कुमार यादव को एप और व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा। इसके बाद चोला सिक्योरिटीज प्राइमरी मार्केट में निवेश पर मोटे मुनाफे का लालच दिया। इसी झांसे में लेकर अजेय से 22.60लाख रुपये निवेश कराया। पीड़ित के खाते में 1.13 करोड़ रुपये मुनाफे के साथ दिखाई दिया। रुपये निकालने को कहा तो और निवेश करने का दबाव बनाया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नीलमथा निवासी अजेय कुमार यादव ने बताया कि 25 सितम्बर 2025 से वे एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े हुए थे। जिसमें चोला सिक्योरिटीज प्राइमरी मार्केट एप्लीकेशन के जरिए उच्च लाभ का झांसा दिया गया। उनके अनुसार, ग्रुप में उनकी वित्तीय सलाहकार नविषा नाम की महिला थीं। यह ग्रुप वेल्लम सुब्बैया के मार्गदर्शन में चल रहा था। ग्रुप के सदस्यों ने उन्हें इनसाइट सर्कल और स्मार्ट गेन्स सर्कल नामक योजनाओं में पैसे निवेश करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि उन्हें ऐप में जयेश लॉजिस्टिक्स आईपीओ और ग्रो आईपीओ में निवेश करने के निर्देश दिए गए। दोनों आईपीओ में उन्होंने लगभग 16,20,000 रुपये निवेश किए। ऐप में उनके निवेश पर 1,13,28,442.42 रुपये का लाभ दिखाया गया, लेकिन जब उन्होंने पैसे निकालने की कोशिश की तो 20% शुल्क और अतिरिक्त 1,20,000 रुपये वार्षिक फीस की मांग की गई।

मनी लॉन्ड्रिंग का डर दिखाकर मांगे 10 प्रतिशत की सिक्योरिटी अजेय ने बताया कि उन्होंने 38,50,000 रुपये निकालने के प्रयास किए, लेकिन पैसे खाते में नहीं आए। उनकी वित्तीय सलाहकार ने बताया कि उनके खाते पर मनी लॉन्ड्रिंग का खतरा है और 10% सुरक्षा जमा करने को कहा गया। उन्होंने यह राशि जमा नहीं की।वित्तीय अपराध की शिकायत अजेय कुमार ने 29 नवंबर को ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराई थी। अब तक अजेय ने सलाहकार के निर्देश पर विभिन्न खातों में कुल 22,60,000 रुपये जमा किए हैं। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

पिकअप ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, सात घायल

अमृत विचार , मलिहाबाद : मलिहाबाद नई सड़क चौराहा के पास लकी धर्मकांटा के निकट सोमवार लगभग 11 बजे हरदोई की तरफ से आ रहे बेकाबू पिकअप डाला ने ई-रिक्शा में सवारियों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला समेत आधा दर्जन लोग सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेंद्र सिंह भाटी के मुताबिक घायल शहाबुद्दीन, श्याम किशोर, अशर्फी लाल, दानिश, उमर, खुशबू और नूरजहां को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

संदिग्ध परिस्थिति में घायल मजदूर की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभूतिखंड इलाके में कसाया इन होटल के पास निर्माणाधीन भवन में मिला था घायल

अमृत विचार : विभूतिखंड इलाके में कसाया इन होटल के पास निर्माणाधीन इमारत में संदिग्ध परिस्थिति में संजय निषाद (35) घायल मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में सामने आया है कि अधिक शराब पीने के कारण वह छत से नीचे गिरकर घायल हो गया था। हालांकि मामले की हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि निर्माणाधीन इमारत के भूतल में एक व्यक्ति घायल पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को लोहिया हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार संजय अंबेडकरनगर जिले के बसखारी क्षेत्र के टड़वा मझरिया का रहने वाला था।

अमृत विचार

www.amritvichar.com

सिटी ब्रीफ

अमृत विचार के संवाददाता को पितृ शोक

अमृत विचार, लखनऊ : अमृत विचार के संवाददाता अमित पाण्डेय के पिता विजय नारायण पाण्डेय का रविवार की रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। सोमवार को उनका अयोध्या में सरयू तट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। विजय नारायण पाण्डेय अपने पीछे पत्नी संतोष पांडे, पुत्र अमित कुमार पांडे, पुत्री सुषमा पांडे, अदम्य पांडे और तृप्ति पांडे समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंत्येष्टि के समय उनके परिवार के आनंद प्रकाश पांडे, दिलीप चंद्र पांडे, प्रदीप चंद्र पांडेय, उमेश चंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

शब-ए-बरात तीन फरवरी को

अमृत विचार, लखनऊ : मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि 19 जनवरी 2026 को चांद नही हुआ है, इसलिए 20 जनवरी 2026 को रजब की 30 होगी और 21 जनवरी 2026 को शाबान की पहली होगी। उन्होंने बताया कि हजरत इमाम हुसैन का जन्म दिवस 23 जनवरी 2026 को होगा। उधर मरकजी चांद कमेटी फिरंगी महल के अध्यक्ष और काजी-ए-शहर मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने भी एलान किया है कि आज 29 रजब को शाबान का चांद नहीं हुआ है इसलिए पहली शाबान 21 जनवरी को होगी। उन्होंने बताया कि शबे बरात 3 फरवरी को मनाई जाएगी।

भाजपा महानगर अध्यक्ष ने भरवाए फॉर्म

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने सोमवार को कैंट विधानसभा, मंडल-3 के बाबू बनारसी दास वार्ड में एसआईआर अभियान के अंतर्गत छूट रहे मतदाताओं को जोड़ने के लिए बूथ संख्या 286 पर घर-घर संपर्क किया और फॉर्म-6 भरवाए। अभियान में घनश्याम अग्रवाल, चेतन सिंह बिष्ट, विनायक पांडे, अभिषेक खरे, मानस बाहरी, आशीष हितैषी, लव कुश त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म भरे जाने में लोगों का सहयोग किया।

खुरपका-मुंहपका टीकाकरण 22 से

अमृत विचार, लखनऊ : बड़े पशुओं को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा 22 जनवरी से निशुल्क टीकाकरण अभियान चलेगा। सीवीओ डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि 45 दिवसीय अभियान में पशुपालकों के द्वार पर 3 .80 लाख पशुओं का टीकाकरण करेंगे। टीकाकरण चिकित्सक, पशुधन प्रसार अधिकारी और पशुमैत्री द्वारा निशुल्क किया जाएगा। पशुपालक पशुओं को इस गंभीर बीमारी से बचाने के लिए टीका जरूर लगवाएं।

स्वर साधिका को अनूप जलोटा ने भजन से किया नमन

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में पद्मभूषण बेगम अख्तर की स्मृति में बनी चेयर के तहत आयोजित किया गया कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में भारतीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत की अमर स्वर साधिका पद्मभूषण बेगम अख्तर की स्मृति में स्थापित चेयर के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कला मंडपम प्रेक्षागृह में आयोजित आयोजित इस कार्यक्रम में भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा ने स्वर साधिका को भजन से नमन किया।

इसके पहले विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, जलोटा, कथक नृत्यांगना डॉ. कुमकुम धर, वरिष्ट गुरु राम मोहन महाराज, गायन विभागाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर, तालवाद्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार मिश्र एवं सहायक आचार्य नृत्य डॉ. रूचि खरे ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विवि के पूर्व छात्र जलोटा ने अपने भजनों की शुरुआत ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन... से की। इसके बाद अच्युतम केशवं राम नारायणं..., राम आएंगे..., कौन कहता है भगवान आते नहीं..., इतनी शक्ति हमें देना दाता.... और बोलो राम राम राम... जैसे भजन प्रस्तुत किए।

आगे भी होते रहेंगे ऐसे कार्यक्रम : प्रो. मांडवी

- कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन करता रहेगा। ये कार्यक्रम शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों को आपस में जोड़ने, महान संगीत विभूतियों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित रहेगा। उन्होंने बताया कि अनूप जलोटा की उपस्थिति से यह कार्यक्रम ऐतिहासिक एवं प्रेरणास्पद बन गया है, जो विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा।

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में भजन प्रस्तुत करते पद्मश्री अनूप जलोटा। अमृत विचार

'एक्यूप्रेशर और कथक नृत्य' का हुआ विमोचन

- कार्यक्रम में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के कथक नृत्य विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. रुचि खरे द्वारा लिखित पुस्तक एक्यूप्रेशर और कथक नृत्य का विमोचन किया गया। इस अवसर पर डॉ. खरे ने बताया कि यह पुस्तक उनके पीएचडी शोध का प्रतिफल है, जिसमें कथक नृत्य को एक्यूप्रेशर एवं चिकित्सकीय अभ्यास के वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया है।

सांस्कृतिक धरोहर भावी पीढ़ी तक पहुंचने को बनाई गई बेगम अख्तर चेयर

- भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय ने भारतीय संगीत की महान परम्परा को सजीव बनाये रखने तथा देश की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए बेगम अख्तर के नाम पर चेयर की स्थापना की है।

देश भर में रिलीज हुई फिल्म वन टू चा चा चा

अमृत विचार, लखनऊ: लोकप्रिय अभिनेता सतेंद्र सिंह यादव उर्फ हीरो भैया एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपने दमदार अभिनय के साथ लौट आए हैं। कॉमेडी, एक्शन और ड्रामा से भरपूर हिंदी फीचर फिल्म वन टू चा चा चा 16 जनवरी को देश भर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो चुकी है। फिल्म रिलीज के बाद सतेन्द्र सिंह यादव लखनऊ आये तो अमृत विचार कार्यालय में भी आये। फिल्म वन टू चा चा चा में हीरो भैया के साथ बॉलीवुड के कई नामचीन कलाकार नायरा बनर्जी, अनंत जोशी, ललित प्रभाकर, हर्ष मायर, आशुतोष राणा, अभिमन्यु सिंह एवं मुकेश तिवारी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। फिल्म में हीरो भैया पुलिस इंस्पेक्टर गोपाल मरांडी के किरदार में हैं। फिल्म का निर्देशन डॉ. अभिषेक राज खेमका एवं रजनीश ठाकुर ने किया है, जबकि निर्माण नताशा शेट्टी, साजन गुप्ता एवं विजय लालवानी द्वारा किया गया है। फिल्म के एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शाहजहां रियाज एवं को-प्रोड्यूसर अमित गुप्ता हैं।

राय उमानाथ प्रेक्षाग्रह में सांस्कृतिक उत्सव के दौरान सांस्कृतिक प्रतियोगिता में नृत्य प्रस्तुत करतीं कलाकार। अमृत विचार

ठंड में खाद्य तेलों में उबाल, जेब में पड़े छाले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एक महीने में 10 रुपये लीटर महंगा हुआ सरसों का तेल
- रिफाइंड ऑयल के भाव में भी हुई बढ़ोत्तरी

अमृत विचार: सर्दियों में खपत बढ़ने से सरसों तेल और रिफाइंड ऑयल भाव में उछाल आ गया है। एक माह के भीतर फुटकर बाजार में 10 रुपये प्रति लीटर का इजाफा हुआ है। तेल में कीमतों में आए इस उबाल का असर लोगों की जेब पर पड़ रहा है। मध्यम और निम्न वर्ग का बजट गबड़बड़ा गया है। अपनी बिक्री पर असर न पड़े, इसलिए कंपनियों के चालाकी दिखाते हुए रिफाइंड का एक लीटर वाला पाउच 750 एमएल का कर दिया है।

फुटकर विक्रेता संजय सिंघल ने बताया कि नई सरसों की फसल आने में अभी करीब डेढ़ माह का समय है।

बाजार में तेल की खपत बढ़ने से सरसों के भाव भी बढ़े हैं, इससे किसान सरसों को दबाने लगे हैं। खपत ज्यादा और सरसों कम मिलने की वजह से कंपनियों ने तेल और रिफाइंड के दाम बढ़ा दिए हैं। पिछले एक महीने से कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। फरवरी से वैवाहिक समारोह और अन्य शुभ कार्य शुरू हो जाएंगे।

इसके बाद होली का त्योहार है। इससे मांग बढ़ती ही रहेगी। सहालग व त्योहारी सीजन में दाम और बढ़ने की संभावना है।

कीमत में अंतर

ऑयल	दिसंबर	जनवरी
बैल कोल्हू सरसों तेल	160	170
रिफाइंड ऑयल	160	170

नोट : कीमत रुपये प्रति लीटर में

750 एमएल का कर दिया रिफाइंड का पाउच

- संजय सिंघल बताते हैं कि कंपनियों ने खपत ज्यादा देख नया रास्ता ढूंढ लिया है। एक लीटर के पाउच की मात्रा घटाते हुए 750 एमएल कर दी है। इसकी कीमत करीब 125 रुपये रख दी है। ज्यादातर आमजन पाउच लेते समय मात्रा पर ध्यान नहीं देते हैं। ऐसे में देखने में तो रिफाइंड की कीमत तो कम दिखती है लेकिन वास्तविकता में एक लीटर के दाम में बड़ा अंतर आया है।

वृत्तचित्र में दिखा उत्तरायणी कौथिग के 25 साल का सफर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पर्वतीय महापरिषद की ओर से गोमती तट स्थित पं. गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में चल रहे उत्तरायणी कौथिग के छठे दिन समाज एवं संस्कृति सेवा के शानदार 25 साल, बेमिसाल पर आधारित वृत्तचित्र से शुरुआत हुई।

वृत्तचित्र में पर्वतीय महापरिषद की स्थापना किन कारणों व उद्देश्यों के लिए की गयी तथा स्थापना से अब तक उसने किन-किन सामाजिक, सांस्कृतिक उत्थान व राहत कार्यों में अपनी भूमिका निभाई इसे दर्शाया गया।

पर्वतीय महापरिषद ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों व अन्य प्रयासों से समाज और सामाजिक संगठनों को एक सूत्र में पिरोने का महत्वपूर्ण कार्य करने के साथ ही समाज के निर्बल परिवारों के सहातार्थ प्रेरणाप्रद कार्य, देश के किसी भी क्षेत्र में आई आपदा के समय राहत कार्य के लिए पर्वतीय महापरिषद की तत्पर एवं साहसिक भूमिका, कोरोनाकाल में सर्वसमाज के लिए आक्सीजन सिलेंडर, एम्बुलेस से लेकर औषधि एवं खाद्य पदार्थ की व्यवस्था कर पीड़ितों तक उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य किया। पर्वतीय महापरिषद के उपाध्यक्ष केएन पाण्डे ने बताया कि वृत्तचित्र का संकलन भारतीय रंगमंच में निर्देशन के सर्वोत्तम राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित रंगकर्मी ललित सिंह पोखरिया द्वारा छायाकार दयाल सिंह रावत एवं भुवन पाण्डेय के सहयोग से किया गया।

नृत्य नाटिकाएं भी हुईं

- क्षेत्रीय शाखाओं की नृत्य प्रस्तुतियों से आरम्भ होकर झोड़ा प्रतियोगिता तक निरन्तर चला, जिसमें चित्रा कांडपाल के निर्देशन में गोमती नगर, नन्दा रावत के जोहार मुनस्यार सांस्कृतिक दल, देवकी बोरा के विकास नगर, हेमा तिवारी के उत्तराखंड जनकल्याण समिति विकास नगर, रजनी सिंह के मानस योग केन्द्र शक्तिनगर, हेमा देवी वाणगी के देवभूमि जन सरोकार सांस्कृतिक समिति लखनऊ के दलों ने झोड़ा नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। झोड़ा नृत्य के बाद पहाड़ी धुनों पर देशी ठुमका प्रतियोगिता हुई। सायंकालीन सभा का मुख्य आर्कषण आनन्द कपकोटी के निर्देशन में लोक गाथा पर आधारित नृत्य नाटिका रामी बौराणी का मंचन रहा।

नगर निगम मुख्यालय पर नारेबाजी करते कर्मचारी। अमृत विचार

नगर निगम कर्मियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उप्र स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के बैनर तले निकाय कर्मचारियों ने सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में प्रदर्शन कर 10 सूत्री मांगों का ज्ञापन अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव को सौंपा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र ने बताया कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय न लिएजाने से कर्मचारियों में आक्रोश है। उन्होंने बताया कि महासंघ द्वारा गत दिनों ध्यानाकर्षण आंदोलन करने के बाद नगर विकास विभाग को पत्राचार कर 15 जनवरी तक मांगों का समाधान करने का अनुरोध किया गया लेकिन मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया। सोमवार को फिर मंत्री नगर विकास व प्रमुख सचिव नगर विकास को पत्र भेज कर समय रहते लंबित समस्याओं के समाधान के लिए बैठक बुलाने का अनुरोध किया गया। निर्णय न लिये जाने पर महासंघ प्रदेश व्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगा। मुख्य मांगों में अकेन्द्रियत सेवा नियमावली वर्ष 2001 तक कार्यरत सविंदा, दैनिक वेतन, वर्क चार्ज कर्मचारियों को 24 फरवरी 2016 को जारी विनियमतीकरण के आदेश का प्रभावी किया जाना चाहिए।

बीबीडी सी डिवीजन क्रिकेट में पांच टीमें अगले दौर में

- **अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी सी डिवीजन क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को रुद्रांश क्रिकेट क्लब, सिंड्रा क्रिकेट क्लब, गुरुकुल क्रिकेट क्लब, जेके स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब और इंटरनेशनल स्पोर्ट्स ने मैच जीतकर अगले दौर में जगह बनाई।

सिटी डायरी

केजीएमयू के खिचड़ी भोज में शामिल हुए पूर्व सांसद और विधायक

अमृत विचारश्लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) परिसर स्थित सरस्वती मंदिर प्रांगण में सोमवार को खिचड़ी भोज किया गया। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, विधायक जय देवी, बक्शी का तालाब से विधायक योगेश शुक्ल, मोहनलालगंज से विधायक अमरेश कुमार, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, उत्तरी लखनऊ से विधायक डॉ. नीरज बोरा सहित 700 लोग शामिल हुए। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि खिचड़ी का पर्व भारतीय समाज में पारंपरिक, धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के सिलसिले में दिल्ली में होने के कारण महापौर सुषमा खर्कवाल शामिल नहीं हो पाईं। उन्होंने संदेश भेजकर आयोजन के लिए बधाई दी है।

केजीएमयू में आयोजित खिचड़ी भोज में विधायक योगेश शुक्ल कुलपति और अन्य।

संकीर्तन में शामिल लोग।

मैच के दौरान इनरव्हील क्लबों की सदस्य।

संकीर्तन से किया ऊर्जा का संचार

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर के विभूति खंड में नवनिर्मित अर्बन शेल्ट्स में इस्कॉन मंदिर की टीम ने सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हरे कृष्णा हरे रामा, राधे जया जया माधवा, इस्कॉन मंत्र, गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो, अच्युतं केशवं, जीवा जागो जैसे आध्यात्मिक गीतों से आगंतुकों का मन मोह लिया।लेटे हनुमान मंदिर के मुख्य सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी ने पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने रचनात्मकता, सौंदर्यबोध और उद्देश्यपूर्ण उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि आधुनिक जीवनशैली को बेहतर बनाने में सहायक हैं। डॉ. विवेक तांगड़ी ने अर्बन स्लेव्स को साधुवाद देते हुए उनकी साजो सज्जा की सराहना की एवं वर्तमान में वास्तु के महत्व को समझाया।

इनरव्हील क्लबों ने खेला क्रिकेट मैच

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के समस्त इनरव्हील क्लबों के तत्वावधान में इकाना ग्राउंड में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इसमें प्राची टीम ने जीत हासिल की। इनरव्हील क्लब लखनऊ बारादरी की प्रेसिडेंट हेमा गुप्ता ने बताया कि बारादरी क्लब की राधिका सूद को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और मीनू कृपाल राही को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब दिया गया। कार्यक्रम में खेल भावना और महिला सशक्तीकरण का संदेश भी दिया गया। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन (डीसी) प्रिया नारायण, क्रिकेटर प्रियंका शैली, इनरव्हील क्रिकेट कन्वेयर शिखा भार्गव भी मौजूद रहीं।

कलश यात्रा निकली

अमृत विचार, लखनऊ : शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से सदर स्थित हाता रामदास में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन 20 जनवरी से किया जाएगा। इसके उपलक्ष्य में सोमवार को राजेन्द्र कुमार पाण्डेय गुरुजी की देखरेख में कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में मुख्य यजमान ब्रम्ह प्रकाश व पुष्पा अग्रवाल की मौजूदगी भी रही। यात्रा में 101 महिलाएं सिर पर मंगल कलश लिए प्रभु नाम का जयकारा लगाते हुए चल रही थीं। मुख्य यजमान ब्रम्ह प्रकाश व पुष्पा अग्रवाल रहे।

शिव श्याम मंदिर समिति की ओर निकाली गई कलश यात्रा में शामिल भक्त।

आयोजन

उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर चित्रांकन किया जाएगा प्रदर्शित

पांच कलाकार कैनवास पर कर रहे वंदे मातरम् का चित्रांकन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: 150 फीट लंबे कैनवास पर वंदे मातरम् की पंक्तियों पर आधारित चित्रांकन के लिए तीन दिवसीय विशेष शिविर लखनऊ, आगरा, बुलंदशहर, वाराणसी एवं प्रयागराज में शुरू किया जा रहा है।

केंद्रीय ललित कला अकादमी के क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के सहयोग से राज्य ललित कला अकादमी के इस आयोजन का उद्घाटन सोमवार को मुख्य अतिथि डॉ. सुनील सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

शिविर के समन्वयक किरण सिंह राठौर एवं मेंटर अमित कुमार ने बताया कि लखनऊ में मेंटर अमित कुमार, विनीत कुमार पांडेय, कुंवर अमरेंदु सिंह, मनोज कुमार हंसराज, संजय कुमार राज, विनोद कुमार सिंह द्वारा वंदे मातरम् की प्रथम पांच पंक्तियां – सुजलाम् सुफलाम्, मलयज शीतलाम्, शस्य श्यामलाम्, मातरम्, वंदे मातरम् के भावों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है।

चित्रांकन उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर प्रदर्शित किया जाएगा। पांचों स्थानों पर 30-30 फीट के पांच अलग-अलग चित्र तैयार किए जाएंगे, जिन्हें जोड़कर 150 फीट का भव्य कैनवस तैयार होगा। क्षेत्रीय सचिव डॉ. देवेंद्र कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्र, केंद्रीय लेखा अधिकारी राज सिंह, अकादमी के पर्यवेक्षक वेणुगोपाल पराशर, शीतांशु गुप्त मौर्य, डॉ. राजीव प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

ललित कला अकादमी में कार्यक्रम की शुरुआत के दौरान मौजूद लोग।

कार्यक्रम में वंदेमातरम का गायन करता छात्र।

एसएसबी ने किया राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम

- वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर द्वितीय चरण में सीमान्त मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल ने जन-जागरुकता एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया। महानिरीक्षक रत्न संजय के नेतृत्व में सुशांत गोल्फ सिटी अंतर्गत सेठ जयपुरिया स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं ने ''वन्दे मातरम्'' गान से किया। इसके बाद देशप्रेम, राष्ट्रीय चेतना एवं ऐतिहासिक विरासत के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से देशभक्ति आधारित प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता कराई गई। सीमान्त मुख्यालय का कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन, विशेषकर युवा पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ। यह द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी तक चलेगा।

चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड शुरू करेगा लविवि

लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षणिक उन्नयन के लिए हुई संकायाध्यक्षों की बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, शोध एवं प्रकाशन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने, रैंकिंग सुदृढ़ करने और आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संकायाध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कुलपति ने परिचय सत्र में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विकास को लेकर अपनी दृष्टि साझा की। इसके बाद सभी संकायाध्यक्षों ने अपने-अपने संकाय की वर्तमान स्थिति, शिक्षकों की संख्या तथा छात्र-छात्राओं की उपलब्धता की जानकारी दी। चर्चा के उपरांत विश्वविद्यालय के समग्र शैक्षणिक उन्नयन से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में यह तय किया गया कि प्रत्येक विभाग को शोध और प्रकाशन गतिविधियों पर विशेष ध्यान देना होगा। साथ ही हर विभाग के लिए वर्ष में कम से कम एक राष्ट्रीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित करना अनिवार्य किया गया। अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद को शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्यों के विकेंद्रीकरण का सुझाव दिया गया। सभी संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों को विश्वविद्यालय और सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश संख्या बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश भी दिए गए।

'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' होगा एकीकृत: बैठक में कृषि संकाय को आईसीएआर अनुमोदन की स्थिति स्पष्ट करने तथा शिक्षा संकाय को चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बी.एड. पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही विभागों को अपने एलएमएस को इंफ्लीबेंट के सर्वर पर 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' योजना के अंतर्गत एकीकृत करने का सुझाव भी दिया गया।

विदेशी छात्रों की होगी बायोमेट्रिक उपस्थिति: बैठक में विदेशी छात्रों की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य करने पर सहमति बनी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि कोई भी विदेशी छात्र किसी अन्य संस्थान में एक साथ अध्ययनरत न हो।

विधि संकाय में होगा एआई: विधि संकाय में वरिष्ठ न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं के साथ संवाद स्थापित कर छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने तथा एआई आधारित पाठ्यक्रम को वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल करने के निर्देश दिए गए।

कौशल आधारित पाठ्यक्रम

- अभिनवगुप्त सौंदर्यशास्त्र एवं शैव दर्शन संस्थान को कौशल आधारित पाठ्यक्रम तैयार करने तथा इसके लिए एसओपी का मसौदा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को छात्रों के लिए सामान्य एवं चिकित्सीय बीमा सुविधा उपलब्ध कराने तथा एनएसएस एवं एनसीसी इकाइयों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने को कहा गया।

80 घंटे करनी होगी सामाजिक इंटर्नशिप

- अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के छात्रों के लिए प्रत्येक सत्र में 80 घंटे की सामाजिक इंटर्नशिप अनिवार्य किए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं प्रबंधन अध्ययन संकाय को भविष्य में सीएटी के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया अपनाने तथा आईएमएस को प्रबंधन संकाय के साथ एकीकृत करने के निर्देश दिए गए।

फ्लिपकार्ट व अमेजन पर दिखेंगी कलाकृतियां

- छात्रों की कलाकृतियों को फ्लिपकार्ट और अमेजन जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित कर स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक पोर्टल विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही एलुमिनाई मीट आयोजित कर विशेषज्ञ शिक्षकों को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया।

लविवि परिसर में धरना-प्रदर्शन पर रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने परिसर में सभी प्रकार के धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही छात्रों को परिसर में वैध पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य कर दिया गया है। विश्वविद्यालय ने परिसर में पोस्टर चिपकाने, दीवार लेखन और बाहरी वाहनों के प्रवेश पर भी सख्ती की है। कुलानुशासक ने निर्देश दिए हैं कि परिसर और छात्रावासों में आग्नेयास्त्र का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और परीक्षा अवधि में केवल अनुमति प्राप्त वाहनों को प्रवेश मिलेगा।

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने इस आदेश का विरोध करते हुए कहा कि छात्रों के लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों को कुचला जा रहा है।

परीक्षा छूटने पर की शिकायत

- लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के बीएससी (गणित व जूलॉजी) के अनेक छात्रों के बैक पेपर विश्वविद्यालय की विभिन्न डेट शीट के कारण के चलते छूट गए थे। एनएसयूआई ने लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एवं कुलपति से मुलाकात कर इस विषय को प्रमुखता से उठाया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस मांग को स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि बीएससी (गणित एवं जूलॉजी) के छूटे हुए बैक पेपर के लिए जल्द परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिन छात्रों की परीक्षा छूटी है वह 22 जनवरी तक 100 रुपये विलंब शुल्क देकर आवेदन कर सकते हैं।

सिटी ब्रीफ

सीयूईटी के जरिए 2871 सीटों पर प्रवेश

अमृत विचार, लखनऊ: डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से की जाएगी। विश्वविद्यालय में परास्नातक और स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 2871 सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में 29 परास्नातक पाठ्यक्रमों में कुल 1063 सीटों पर सीयूईटी-पीजी के माध्यम से प्रवेश होगा। वहीं, स्नातक स्तर पर 25 अलग-अलग पाठ्यक्रमों की कुल 1808 सीटों पर सीयूईटी-यूजी के जरिए दाखिला दिया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 जनवरी कर दी गई है।

यंग सिटीजन्स पर व्याख्यान का उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स के तत्वावधान में फाइनेंसियल एजुकेशन फॉर यंग सिटीजन्स विषय पर व्याख्यान का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रश्मि बिश्नोई द्वारा की गई। अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय प्रबंधन की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता आदर्श मिश्रा ने वित्तीय साक्षरता के महत्व एवं इस क्षेत्र में कॅरियर की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की और छात्राओं की शंकाओं का भी समाधान किया। व्याख्यान में समाजशास्त्र, वाणिज्य व अंग्रेजी विभाग की 72 छात्राओं ने प्रतिभाग किया और प्रो. शालिनी श्रीवास्तव, प्रो. विनीता लाल, प्रो. क्रांति सिंह सहित अन्य विभागों से प्राध्यापक उपस्थित रहे।

लविवि खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी जूडो टूर्नामेंट 2025-26 का आयोजन लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय में खेली गई, इस प्रतियोगिता में 60 से ज्यादा विश्विद्यालय की टीमों ने भाग लिया। लखनऊ विश्वविद्यालय के तीन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया जूडो टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि ऑल इंडिया टूर्नामेंट के लिए जो खिलाड़ी क्वालीफाई हुए है उनमें शुशांत राय 100 कि ग्रा. वेट कैटेगरी, प्रसून बाजपेयी 63 कि. ग्रा. वेट कैटेगरी एवं डॉली रावत 57 कि. ग्रा. वेट कैटेगरी शामिल है।

यूपी हॉकी टीम चयन ट्रायल 22 व 23 को

अमृत विचार, लखनऊ : केडी सिंह बाबू सोसाइटी के देखरेख में आगामी 2 फरवरी से 11 फरवरी तक 36वां ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू अंडर-14 सब जूनियर बालक प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित पद्मश्री मोहम्मद शाहिद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन ट्रायल 22 और 23 जनवरी को चंद्रभान गुप्त खेल मैदान (नेशनल कॉलेज ग्राउंड) पर आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक खिलाड़ी टीम में चयन के लिए कोच कुलदीप मौर्य से चंद्रभान गुप्त खेल मैदान पर संपर्क कर सकते हैं।

नेटबॉल टीम के लिए आज होगा चयन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा पुरुष वर्ग की नेटबॉल टीम के चयन हेतु ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। ये ट्रायल नॉर्थ ज़ोन, ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी खेल सत्र 2025-26 के लिए होंगे। ट्रायल आज 3 बजे परांजपे पवेलियन ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागियों को 2:30 बजे तक एथलेटिक एसोसिएशन कार्यालय में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के समय दो पासपोर्ट साइज फोटो, शुल्क की रसीद, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट व स्नातक अंकपत्र लाना आवश्यक है।

जसबीर मेमोरियल प्रतियोगिता जल्द

अमृत विचार, लखनऊ : क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) के देखरेख में जल्द ही जसबीर सिंह मेमोरियल अंडर-19 क्रिकेट लीग का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उन क्लबों और क्रिकेट अकादमियों से एंट्री आमंत्रित की गई है, जिनके पास अंडर-19 आयु वर्ग की टीम उपलब्ध है। सीएएल के सचिव केएम खान ने बताया कि जिन क्लबों या अकादमियों के पास अधिक संख्या में खिलाड़ी हैं, वे दो टीमों की एंट्री भी भेज सकते हैं।

टैक्ट्रो को हराकर फाइनल में लखनऊ फॉल्कंस

- आज बिग ब्ल्यू से होगी खिताबी भिड़ंत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फुटबॉल को हिट करता खिलाड़ी। अमृत विचार

अमृत विचार: सतवंत सिंह और रवींद्र पाल सिंह मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में सोमवार को लखनऊ फॉल्कंस फुटबॉल क्लब ने टैक्ट्रो रेड फुटबॉल क्लब को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। चौक स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले का निर्णय पेनल्टी शूटआउट के जरिए हुआ, जिसमें फॉल्कंस ने 4-3 से बाजी मारी।

फर्स्ट हाफ में दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल दिखाया और स्कोर 0-0 पर रहा। दूसरे हाफ में खेल में गति आई और दोनों टीमों ने कई जोरदार आक्रमण किए, लेकिन गोल करने में सफल नहीं हो सकीं। स्कोर 0-0 पर टिक गया, मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से किया गया। दबाव के इन क्षणों में लखनऊ फॉल्कंस के खिलाड़ी संयम बनाए रखने में सफल रहे और जीत दर्ज कर फाइनल का टिकट पक्का किया। लखनऊ फुटबॉल संघ के सचिव कन्हैया लाल के अनुसार, फाइनल मुकाबला आज चौक स्टेडियम में बिग ब्ल्यू और लखनऊ फॉल्कंस के बीच खेला जाएगा।

लाखों का पैकेज हासिल कर दिव्यांग छात्रों ने रचा इतिहास

- पुनर्वास विश्वविद्यालय में दिव्यांग छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के दिव्यांग छात्रों ने एकबार फिर से अपनी कामयाबी का झंडा बुलंद किया है। विश्वविद्यालय अंतिम वर्ष के एमबीए (ओएच) के दिव्यांग (ऑर्थोपेडिकली हैंडीकैप्ड) विद्यार्थी, बीटेक (सीएसई) के विद्यार्थी समेत दर्जनों छात्र चयनित हुए हैं। प्लेसमेंट डायरेक्टर बिराग दीक्षित ने बताया कि विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष के एमबीए (ओएच) के दिव्यांग (ऑर्थोपेडिकली हैंडीकैप्ड) विद्यार्थी शशिभारती का चयन एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में सेल्स ऑफिसर के पद पर हुआ। इसके अलावा विश्वविद्यालय के बीटेक (सीएसई) के विद्यार्थी मो. सुहैल अंसारी व कुशाग्र शुक्ला एक्सआरएम लैब्स प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर चयनित हुए हैं।

विश्वविद्यालय की बीटेक (सीएसई) व बीबीए की छात्राएं साक्षी मेहता व नौशीन सिद्दीकी का चयन कोडयंग बेंगलुरु में इंटरनेशनल सेल्स स्पेशलिस्ट के पद पर वर्चुअल कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से हुआ है। विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह, कुलसचिव रोहित सिंह, कुलानुशासक प्रो. सीके दीक्षित, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. वीके सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

दिव्यांग विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विश्वविद्यालय निरंतर कार्य कर रहा है। विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन यह दर्शाता है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

अटल विवि को जल्द मिलेगा नया कुलपति

अमृत विचार, लखनऊ : अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति की घोषणा जल्द होने की संभावना है। सोमवार को देश के चार प्रतिष्ठित संस्थानों के डॉक्टरों का राजभवन में साक्षात्कार संपन्न हुआ। बीते छह महीने से कुलपति पद के लिए उम्मीदवार तलाशे जा रहे थे। 32 डॉक्टरों ने आवेदन किया, जिन्हें बाद में शॉर्टलिस्ट कर 15 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया। इसके आधार पर चयन समिति ने चार डॉक्टरों को अंतिम चरण के लिए चुना। साक्षात्कार में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी (चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय से संबद्ध), भोपाल, नागपुर एम्स और दिल्ली के डॉक्टर शामिल थे। दोपहर 12 बजे से शुरू साक्षात्कार पूरी तरह संपन्न हो गया। नए कुलपति के नाम की घोषणा जल्द हो सकती है। वर्तमान में कुलपति डॉ. संजीव मिश्र हैं, जिनका कार्यकाल छह महीने पहले समाप्त हुआ था।

ध्रुव क्रिकेट अकादमी की टीम फाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच मो. शरीम की घातक गेंदबाजी के दम पर ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने 8वीं सुबोध सीनियर डिवीजन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में आरईपीएल क्रूसेडर्स को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। अब ध्रुव क्रिकेट अकादमी का सामना अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब से होगा। जीसीआरजी ग्राउंड पर खेले गए पहले सेमीफाइनल में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरईपीएल क्रूसेडर्स की टीम महज 63 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से सौरभ दुबे (12), अमन यादव (18) और यशस्वी मिश्रा (14) ही दहाई का आंकड़ा छू सके, जबकि पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। ध्रुव क्रिकेट अकादमी की ओर से मो. शरीम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में एक मेडन सहित सिर्फ 9 रन देकर 5 विकेट झटके।

एकेटीयू व बीआरडी मेडिकल कॉलेज ने किया एमओयू

- चिकित्सा में नई तकनीक और एआई के उपयोग पर रहेगा जोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) और बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर ने चिकित्सा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एमओयू किया। इसके तहत दोनों संस्थान अनुसंधान, विकास, कार्यशालाओं और फैकल्टी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। समझौता ज्ञापन पर एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय और मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रामकुमार जायसवाल ने हस्ताक्षर किए।

एमओयू के तहत नई तकनीकों, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ एआई के प्रयोग की जानकारी देंगे, जिससे ओपीडी और अन्य जांचों में चिकित्सा सेवाओं को अधिक कारगर और सटीक बनाया जा सके।

इस समझौते से शिक्षकों और छात्रों को नवीन तकनीक के प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा और स्वास्थ्य क्षेत्र में उन्नत तकनीकी अनुसंधान परियोजनाओं में योगदान संभव होगा। इस दौरान एकेटीयू के वित्त अधिकारी केशव सिंह, डीन पीजी प्रो. सीतालक्ष्मी, डीन यूजी प्रो. अनुराग त्रिपाठी, डीन रिसर्च एवं डेवलपमेंट प्रो. भावेश कुमार चौहान, एसोसिएट डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा और इनोवेशन हब के सीईओ महीप सिंह उपस्थित रहे।

इलेक्ट्रिक वॉरियर्स और ऑपरेटिंग एवेंजर्स जीते

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ की देखरेख में ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में आयोजित अन्तर विभागीय टी-20 क्रिकेट लीग में सोमवार को खेले गए मुकाबलों में इलेक्ट्रिक वॉरियर्स और ऑपरेटिंग एवेंजर्स ने शानदार और रोमांचक जीत दर्ज की। दिन के पहले मुकाबले में इलेक्ट्रिक वॉरियर्स ने मैकेनिकल मैवरिक्स को 71 रनों से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इलेक्ट्रिक वॉरियर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 169 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मैकेनिकल मैवरिक्स की पूरी टीम 16.5 ओवर में मात्र 98 रनों पर ऑलआउट हो गई। वहीं दूसरे मुकाबले में ऑपरेटिंग एवेंजर्स ने सिग्नल टॉवर को कड़े संघर्ष में 2 रनों से शिकस्त दी।

सिटी डायरी

मुंबई मैराथन में दौड़े हरपाल सिंह

हरपाल सिंह ऐबट।

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के लिए गौरव का क्षण उस समय आया, जब समर विहार एसोसिएशन और सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी, लखनऊ के अध्यक्ष स. कृपाल सिंह ऐबट के पुत्र स. हरपाल सिंह ऐबट ने एशिया की प्रतिष्ठित रोड रेस टाटा मुंबई मैराथन में चौथी बार भाग लिया। प्रेस से हुई वार्ता में हरपाल सिंह ऐबट ने बताया कि उन्होंने टाटा मुंबई मैराथन-26 में फुल मैराथन श्रेणी में हिस्सा लिया, जो उनका चौथा फुल मैराथन था। यह रेस 18 जनवरी को मुंबई में आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि टाटा मुंबई मैराथन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि एथलेटिक चुनौती, सामुदायिक भावना और सामाजिक प्रभाव का अनूठा संगम है। हरपाल सिंह ऐबट ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस मैराथन को पूरा करना मेरे लिए एक मील का पत्थर है। मुझे गर्व है कि मैं ऐसे आयोजन का हिस्सा बना, जो न सिर्फ शारीरिक सीमाओं को आगे बढ़ाता है, बल्कि लोगों को उत्कृष्टता, लचीलापन और उद्देश्य की भावना के साथ एकजुट करता है।

लकी सिंह गौतम और निखिल रावत टीम कोच साहिल वर्मा।

लखनऊ के लकी और निखिल ने कलारीपयट्टू में दिखाया दम

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश के कलारीपयट्टू खिलाड़ियों ने प्रथम कलारीपयट्टू राष्ट्रीय लीग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश टीम ने एक रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किए। यह राष्ट्रीय लीग 16 से 18 जनवरी तक साई त्रिवेंद्रम में आयोजित की गई।उत्तर प्रदेश कलारीपयट्टू एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव प्रवीण गर्ग के मुताबिक, लखनऊ के लकी सिंह गौतम ने हाई किक इवेंट में 9.1 फुट की ऊंचाई पर लक्ष्य को किक मारते हुए रजत पदक जीता। निखिल रावत ने चुबाड़कुल एकल प्रदर्शन में कांस्य पदक हासिल किया। इसके अलावा तलवार-ढाल युगल स्पर्धा में लकी और निखिल की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता।

खिलाड़ी को पुरस्कृत करते सीएएल के सचिव केएम खान।

सीएएल ने जीत से किया आगाज

अमृत विचार, लखनऊ : सेज क्रिकेट ग्राउंड पर सोमवार से शुरू हुए प्रथम बीए नकवी एडवोकेट मेमोरियल महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में सीएएल पिंक और सीएएल पीच ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर शानदार आगाज किया। टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में सीएएल पिंक ने सीएएल लैवेंडर को नौ विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल लैवेंडर की टीम 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 122 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएएल पिंक की टीम ने मात्र एक विकेट खोकर 123 रन बनाते हुए मुकाबला आसानी से अपने नाम कर लिया। सलामी बल्लेबाज शरगुन यादव ने नाबाद 48 रनों की उपयोगी पारी खेली।

आयोजन

नवयुग कन्या महाविद्यालय में संगोष्ठी के बाद हुआ पुरस्कार वितरण

जीवन जीने की कला सीखना सबसे बड़ी आवश्यकता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

नवयुग कन्या महाविद्यालय में पुरस्कृत की गई छात्राएं, प्राचार्या व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार: नवयुग कन्या महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के अहिल्याबाई होलकर सांस्कृतिक क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से संपन्न हुआ। संगोष्ठी के दौरान महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान मिश्रा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत और शक्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय पर्यावरण चेतना का युग है और युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी ने कहा कि युवा एक ऐसी कली के समान है, जिसे यदि सही दिशा और मार्गदर्शन मिले तो वह किसी भी क्षेत्र में पुष्पित और पल्लवित हो सकती है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जीवन जीने की कला सीखना सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है, क्योंकि संतुलित और सकारात्मक जीवन ही समाज को नई दिशा दे सकता है। मुख्य वक्ता कौशल किशोर ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आधुनिक युवा पीढ़ी में वह सामर्थ्य है, जो समाज की जटिल समस्याओं का समाधान कर सकती है।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने कहा कि कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा प्रस्तुत विचारों से जो वैचारिक ज्योति प्रज्वलित हुई है, वह भविष्य में निश्चित रूप से सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का आधार बनेगी। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सीमा पांडेय ने किया। युवा दिवस के अवसर पर आयोजित पोस्टर, स्लोगन एवं भाषण प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शौर्य सभा आयोजित

- अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के समीप विश्वविद्यालय के वरिष्ठ छात्रों की ओर से "शौर्य शिरोमणि" महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर शौर्य सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार से जुड़े सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप को नमन किया और उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनके अदम्य साहस को स्मरण किया गया।

प्रमाण पत्र ग्रहण करते सीएमएस के छात्र।

सेवा से बिखेरी बुजुर्ग चेहरों पर मुस्कान

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के छात्रों ने बुजुर्गों के प्रति सम्मान व सेवा भावना की मिसाल पेश किया। शेल्टर होम 'प्रेम निवास' का भ्रमण कर छात्रों ने वृद्धजनों के सम्मान में शिक्षात्मक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उनके चेहरे पर मुस्कान ला दी। छात्रों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर गीतों व नृत्य-संगीत की प्रस्तुतियों से सम्पूर्ण वातावरण उल्लास से परिपूर्ण हो गया।